कार्यालय–जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमन्द

क्रमांकः– 2025–26/09 दिनांकः– 13.01.2026

"फर्नीचर क्रय करने हेतु खुली निविदा 09/2025–26"

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्रांक III/(1)बी/बजट/2025–26/60/126/4436–4451 दिनांक 10.09.2025 के निर्देशानुसार राजसमंद न्यायक्षेत्र के अधीनस्थ न्यायालय, अति0 वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमंद हेतु फर्नीचर क्रय करने हेतु खुली निविदा आमत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 3,21,000 /– हैं। बिड प्रपत्र, शर्ते एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 21.01.2026 को दोपहर 12 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं एवं sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। बिड प्रपत्र के साथ राशि रू 500/– का डी.डी./बैंकर्स चैक जो **DISTRICT AND SESSION JUDGE, RAJSAMAND** के नाम देय हो, तकनीकी बिड वाले लिफाफे में सलंग्न करना होगा अन्यथा बिड स्वतः निरस्त हो जायेगी। निविदा दिनांक 21.01.2026 को दोपहर 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जाएगी। उपापन समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह किसी भी निविदा को अस्वीकार करने/रद्द करने का अधिकार रखती है। उपर्युक्त शर्तों के अतिरिक्त जहां आवश्यक हो सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के प्रावधान एवं समय–समय पर किए गए संशोधन भी उक्त निविदा पर लागू होंगे।

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला न्यायालय,राजसमन्द

क्रमांकः– 100 दिनांकः– 13-01-2026

प्रतिलिपिः– सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजसमन्द।
2. अति0 वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमंद
3. नोटिस बोर्ड ———————————————— चस्पानगी हेतु।
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय को पोर्टल पर अपलॉड करने हेतु।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला–राजसमन्द

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला न्यायालय,राजसमन्द

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील